पटना जिलान्तर्गत विश्वेश्वरैया भवन, पटना के द्वितीय एवं तृतीय तल स्थित परिवहन विभाग (मुख्यालय) के कार्यालय भवन का जीर्णोद्वार कार्य हेतु दिनांक 13.10.2018 को प्राप्त ई0 पुनर्निविदा का वित्तीय बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 21.12.2018 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-

---

**उपस्थिति:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 3. | **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 4. | **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. | **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. | **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |

**कार्यवाही:-**

**1.योजना का नाम:-** पटना जिलान्तर्गत विश्वेश्वरैया भवन, पटना के द्वितीय एवं तृतीय तल स्थित परिवहन विभाग (मुख्यालय) के कार्यालय भवन का जीर्णोद्वार कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹390.31 लाख |
| **3.पुनरीक्षित प्रावैद्यिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹263.42 लाख |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹2,46,18,574/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 13.10.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 15.10.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 31.08.18 एवं आवश्यक सूचना प्रभात खबर दिनांक 12.09.2018 एवं हिन्दुस्तान दिनांक 25.09.2018 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 7607 (Ni.Ni) 2018-19 एवं आवश्यक सूचना 8232(Ni.Ni) 2018-19 एवं 9052 (Ni.Ni) 2018-19 |

**10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-**

(i) जी-टेक कंस्ट्रक्शन एण्ड फेबरीकेटर्स, द्वितीय गुलतेरा बाजार, बीहटा, पटना
(ii) राजीव कुमार, ग्राम-मोहनपुर, पुनाईचक, पटना
(iii) यूफलीक्स इन्टरनेशनल, प्रा0 लि0, बी-57, ग्राउन्ड फ्लोर, सेक्टर-6, नोएडा
(iv) राजीव कुमार, न्यु पुरेन्द्रपुर, शिव मंदिर रोड, दो पुलवा, जक्कनपुर, पटना

**11. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-**

प्रथमवार आमंत्रित निविदा की स्थिति:- इस कार्य हेतु दिनांक 29.05.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी। उक्त निविदा में एकमात्र निविदादाता ''पंकज कुमार, के0-119, पी.सी. कॉलोनी, हनुमान नगर, काली मंदिर रोड, कंकड़बाग पटना-20'' द्वारा भाग लिया गया था। तकनीकी मूल्यांकन समिति का दिनांक 04.06.2018 की बैठक में वित्त विभाग की अधिसूचना सं0-7806/वि0, दिनांक 30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

द्वितीयवार आमंत्रित निविदा:- इस कार्य हेतु दिनांक 23.06.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी। उक्त निविदा में तीन निविदादाताओं ''(i) मेसर्स राम प्रवेश सिंह (ii) पंकज कुमार (iii) शशिकांत सिंह, कंकड़बाग पटना-20'' ने भाग लिया था। उक्त कार्य की निविदा निगम का पत्रांक, 2186 दिनांक 23.07.2018 के द्वारा अपरिहार्य कारण वश रद्द कर दी गयी थी।

<u>तृतीयवार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान)</u>:- इस निविदा में सफल एकल निविदादाता (1) राजीव कुमार, ग्राम-मोहनपुर, पुनाईचक, पटना का एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5A(b) के तहत समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन हेतु इस कार्यालय का पत्रांक 3371 (अनु0) दिनांक 17.11.2018 द्वारा सम्पुष्टि मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को पत्र एवं ई-मेल के माध्यम से भेज गया था। परिवाद अवधि समाप्त होने एवं सम्पुष्टि प्राप्त नही होने की दशा में सफल निविदादाता का वित्तीय बीड खोला गया था, जिसके उपरांत दिनांक 13.12.2018 को वित्तीय बीड निस्तार हेतु तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर कार्यावंटन की अनुशंसा की गयी थी। परंतु एक माह से अधिक बीत जाने के बाद बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना के अधीन कार्यरत कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, मगध प्रमंडल, गया ने अपने पत्रांक, 630 दिनांक 19.12.2018 (ई-मेल द्वारा प्राप्त) के द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अनुभव प्रमाण-पत्र इनके कार्यालय से निर्गत नही है।

अतएव, उपरोक्त वर्णित परिस्थिति में समिति द्वारा सर्वसम्मति से राजीव कुमार, ग्राम-मोहनपुर, पुनाईचक, पटना को इस निविदा में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही साथ इनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने एवं निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने की अनुशंसा की गयी है।

12. निगम निविदा समिति का निर्णयः-

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 20.12.2018 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में समिति द्वारा राजीव कुमार, ग्राम-मोहनपुर, पुनाईचक, पटना के द्वारा निविदा के साथ जमा अग्रधन की राशि जब्त करने एवं निविदा को रद्द कर पूनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया। तद्नुसार मुख्य महाप्रबंधक पुनर्निविदा के संबंध में अग्रत्तर कार्रवाई करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम वेबसाइट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 21.12.18 | Tapeshwa 21-12-18 | 21/12/18 |
| (रंजित प्र0 सिह) | (तपेश्वर प्र0 साह) | (राकेश कुमार) |
| महाप्रबंधक (दक्षिण) | महाप्रबंधक (वित्त) | मुख्य महाप्रबंधक |
| बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 21/12/2018 | 21/12/18 | 21/12/18 |
| (रवि शंकर चौधरी) | (उपेन्द्र नारायण) | (अमित कुमार) |
| संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | प्रबंध निदेशक बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |